हर अभिभावक शिक्षक

अभिभावक, ट्यूटर,
संस्थानिक/विभिन्न प्रतियोगी
छात्रों में LKG से 8वीं कक्षा
तक शिक्षण कौशल प्रदान
करने वाली (प्रैक्टिकल ज्ञान
पर आधारित) दुनिया की
शायद एकमात्र पुस्तक!!!

सूर्य प्रकाश पांडे

BlueRose ONE .com
Stories Matter
NewDelhi • London

BLUEROSE PUBLISHERS
India | U.K.

Copyright © Surya Prakash Pandey 2026

All rights reserved by author. No part of this publication may be reproduced, stored in a retrieval system or transmitted in any form or by any means, electronic, mechanical, photocopying, recording or otherwise, without the prior permission of the author. Although every precaution has been taken to verify the accuracy of the information contained herein, the publisher assumes no responsibility for any errors or omissions. No liability is assumed for damages that may result from the use of information contained within.

BlueRose Publishers takes no responsibility for any damages, losses, or liabilities that may arise from the use or misuse of the information, products, or services provided in this publication.




For permissions requests or inquiries regarding this publication,
please contact:

BLUEROSE PUBLISHERS
www.BlueRoseONE.com
info@bluerosepublishers.com
+91 8882 898 898
+4407342408967

ISBN: 978-93-7542-189-4

Cover Design: Deepak Katheria
Typesetting: Sagar

First Edition: March 2026



अद्भुत!!! **अविश्वसनीय!!!** **अकल्पनीय!!!**

मात्र कुछ मिनटों की पढ़ाई से!!!

अभिभावक, ट्यूटर, संस्थानिक और विभिन्न प्रतियोगी छात्रों में – LKG से 8वीं कक्षा तक शिक्षण कौशल प्रदान करने वाली प्रैक्टिकल ज्ञान पर आधारित दुनिया की शायद पहली एकमात्र पुस्तक – **''हर अभिभावक शिक्षक''**

लेखक–सूर्य प्रकाश पाण्डेय

MA (Eng.),

MSc (Maths), B.Ed (Maths)

एक विनम्र निवेदन

इस पुस्तक द्वारा शिक्षण कार्य करने वाले सभी व्यक्तियों से विनम्र निवेदन है कि विद्यार्थियों को शिक्षण प्रदान करने के दौरान विद्यार्थियों को शारीरिक और मानसिक रूप से दंडित करने का कार्य या ऐसा सोचने का कार्य कदापि न करें और ऐसा करना गैर कानूनी भी है। विद्यार्थियों को पढ़ाते समय हमेशा प्रसन्नचित और विनम्र रहें। लेखक के अनुसार कोई भी व्यक्ति गलत कार्य या गलत व्यवहार नहीं करना चाहता है। ऐसा सिर्फ अज्ञानता के कारण हो सकता है। सही मार्गदर्शन होने पर व्यक्ति सही रास्ते पर चल पड़ता है।

धन्यवाद!

पुस्तक किसके लिए उपयोगी

- ऐसे विद्यार्थियों के माता/पिता या अभिभावक के लिए जिनके घरों के बच्चे LKG से 8वीं तक की कक्षा में पढ़ रहे हों।
- ऐसे व्यक्ति जिनका व्यवसाय Tutoring हो।
- विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले ऐसे प्रतियोगी छात्रों के लिए जो अपने Basic (बुनियादी) ज्ञान को बढ़ाना चाहते हों और जो Part Time (अंशकालिक) में Tutoring Job (ट्यूशन का कार्य) करते हों।
- 11 वर्ष से ऊपर का कोई भी व्यक्ति जो हिंदी और अंग्रेजी पढ़–लिख और समझ सकता हो तथा किसी कारण से आगे की स्कूली शिक्षा/उच्च शिक्षा से दूर रहा हो; किंतु अपने ज्ञान में वृद्धि की इच्छा रखता हो।
- ऐसे व्यक्तियों के लिए जो भूल रही शिक्षा को पुनर्जीवित करके दुहराने की इच्छा रखते हों।
- ऊपर के सभी बिन्दुओं पर विचार करने के बाद निष्कर्ष रूप से हम यह कह सकते हैं कि यह पुस्तक समाज के सभी धर्म, वर्ग, प्रत्येक घर–परिवार के लिए, साढ़े 3 वर्ष से ऊपर के हरेक व्यक्ति के लिए जीवन में किसी न किसी रूप में उपयोगी है।

पुस्तक की विशेषताएँ

- सिर्फ हिंदी और अंग्रेजी पढ–लिख और समझ सकने वाले 11 वर्ष से ऊपर के सभी व्यक्ति पुस्तक को उपयोग करने में सक्षम।
- यह पुस्तक पढ़ने और पढ़ाने के प्रति नया जुनून पैदा करके समाज में एक नई शिक्षण श्रृंखला को स्थापित कर एक नई शैक्षणिक क्रांति को जन्म देने में सक्षम।
- पुस्तक का प्रभाव सिर्फ 3 से 4 दिनों में ही स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ना और शिक्षा की गति भी अत्यधिक बढ़ जाना।
- **जीवन में गुरुओं का महत्व**– जिस तरह से पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश के बिना हमारे शरीर का निर्माण नहीं हो सकता है, ठीक उसी तरह से एक सफल व्यक्तित्व का निर्माण – प्रथम शिक्षक (माता/पिता); स्कूल के शिक्षक; धार्मिक गुरु; सच्चे मित्र और समाज की कृपा और योगदान के बिना संभव नहीं है। इनके बीच बड़ा या छोटा जैसी कोई चीज नहीं होती है और इनके बीच तुलना नहीं की जा सकती है; अर्थात् ये सभी अतुलनीय हैं।

हर अभिभावक शिक्षक
शिक्षण-नियमावली, भाग - १


1. विद्यार्थियों को पढ़ाते समय स्वयं की और विद्यार्थी के बैठने की मुद्रा को अच्छा रखना है क्योंकि बैठने की अच्छी मुद्राएं शिक्षण के साथ–साथ व्यक्तित्व विकास में भी सहायक होती हैं जो कि चित्र और लिखित में दिया गया है –



























बैठने की अच्छी मुद्राएँ

(i) कंप्यूटर के साथ अध्ययन या कार्य करते समय कंप्यूटर स्क्रीन का झुकाव पीछे की तरफ 10° से 20° के बीच, व्यक्ति की आँख से स्क्रीन का अवनमन कोण 15° से 20° के बीच, व्यक्ति के आँख और स्क्रीन के बीच की दूरी 50 से 76 से.मी., कुर्सी के पीछे 61 से 92 से.मी. का खाली स्थान रखना चाहिए। कुर्सी पर बैठते वक्त घुटने और जांघों तथा शरीर के ऊपरी भाग के बीच 90° का कोण बनना चाहिए। साथ में घुटने और जांघों तथा एड़ी के बीच भी 90° का कोण होना चाहिए तथा पीछे की तरफ से एड़ी बंद होने के साथ–साथ खुले पंजों के बीच 45° का कोण बनना चाहिए। साथ में कंप्यूटर पर कार्य करते या अध्ययन करते समय हर 20 मिनट में, 20 फीट दूर किसी वस्तु को 20 सेकेंड तक देखने से आँखों को काफी आराम मिलता है।

(ii) सिर्फ कुर्सी या स्टूल पर बैठते वक्त एड़ी पीछे की तरफ बंद होने के साथ–साथ आगे खुले पंजों के बीच 45° का कोण होना चाहिए तथा एड़ी और घुटने तथा जांघ के बीच 90° का कोण और घुटने और जांघ तथा शरीर के ऊपरी भाग के बीच 90° का कोण होना चाहिए।

(iii) सिर्फ कुर्सी या स्टूल उपलब्ध रहने पर जरूरत पड़ने पर पैर को पीछे की तरफ करके, एड़ियों को क्रास करके भी थोड़ा बहुत देर बैठा जा सकता है।

(iv) सिर्फ कुर्सी या स्टूल उपलब्ध रहने पर जरूरत पड़ने पर घुटनों को क्रास करके तथा घुटने के ऊपर एक हथेली के ऊपर दूसरी हथेली रखकर या उंगलियों की गुंथी मुद्रा में भी बैठा जा सकता है किंतु यहाँ पर यह ध्यान देना होगा कि एक एड़ी जमीन पर तथा दूसरी एड़ी भी जमीन के लगभग समानांतर (क्षैतिज रेखा में) ही रहे।

(v) जमीन पर या तख्ता पर बैठकर पढ़ते समय आगे की तरफ झुककर पढ़ने की बजाय पीछे की तरफ से दीवार का सहारा लेकर पढ़ना बेहतर होता है। साथ में `जनकल pad / writing pad का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। या फिर foldable book stand का भी उपयोग किया जा सकता है।

2. शुरूआत में हिन्दी वर्णमाला के अनुसार 'अ' से 'ज्ञ' तक चित्रों के सहारे शब्दों को पढ़ाते समय एक–एक शब्द के बारे में विस्तार से बतायें। जैसे– 'क' से कमल के बारे में बतायें कि यह एक फूल है और पानी में उगता और खिलता है। 'ह' से हिरण होता है और यह एक जंगली जानवर है... इत्यादि। इसी तरह 'अ' से 'ज्ञ' तक बनने वाले अन्य शब्दों के बारे में (जो किताब में चित्रों के साथ दिये गये हैं) विस्तार से बतायें, क्योंकि चित्रों के साथ लिखे शब्दों को पढ़ने में छोटे बच्चों की ज्यादा रूचि होती है।

3. इसी तरह से अंग्रेजी में 'A' से 'Z' तक चित्रों के सहारे शब्दों को पढ़ाते समय एक–एक शब्द के बारे में विस्तार से बताएं। जैसे 'A' for Apple के बारे में बताएं कि यह एक फल है और ज्यादातर ठंडी जगहों पर उपजाऊ (अच्छी) जमीन में उगता है। 'B' for Ball के बारे में बताएं कि यह खेलने के काम में आता है... इत्यादि। इसी तरह A to Z तक बनने वाले अन्य शब्दों के बारे में (जो किताब में चित्रों के साथ दिये गए हैं) विस्तार से बताएं।

4. हिन्दी में 'अ' से 'ज्ञ' तक तथा अंग्रेजी में 'A' से 'Z' तक वर्णमाला को याद कराने के स्थान पर प्रतिदिन एक निश्चित संख्या में विद्यार्थी की क्षमता के अनुसार 5, 10, 15..... इत्यादि दोनों भाषाओं के अक्षरों को अलग से कॉपी में अभिभावक द्वारा हिंदी का एक–एक अक्षर और अंग्रेजी का एक–एक अक्षर लेकर लिखकर पहचान करवाने के बाद विद्यार्थी का हाथ पकड़कर सुलेख पर/बिन्दुदार (Dotted) अक्षर वाली कॉपी पर/स्वयं हाथ से बिन्दुदार अक्षर बनाकर 4 या 5 बार या आवश्यकतानुसार कम या ज्यादा बार लिखवाने से विद्यार्थी को दोनों तरह की वर्णमाला के अक्षरों को लिखना और पहचान करना जल्दी आ जाता है। इस तरह से प्रत्येक दिन विद्यार्थी के नये अक्षरों को पहचानना और लिखना सिखाने के साथ ही साथ दिन में 1 बार 'अ' से 'ज्ञ' तक तथा 'A' से 'Z' तक विद्यार्थी को किताब देखकर तब तक लिखवाते रहें जब तक कि विद्यार्थी पूरी तरह से हिन्दी और अंग्रेजी वर्णमाला को पहचानना और लिखना नहीं सीख जाता है।

5. विद्यार्थी के हिंदी और अंग्रेजी दोनों तरह की वर्णमाला को पहचानना, पढ़ना और लिखना सिखाने के बाद हिंदी में बिना मात्रा वाले और अंग्रेजी में 'A' से 'Z' तक दोनों ही भाषाओं के दो अक्षर, तीन अक्षर, चार अक्षर या पाँच अक्षर के शब्दों को पढ़ाते समय लय (साँस) को न तोड़ते हुए, प्रत्येक पाठ से शब्दों का उच्चारण दो या तीन बार लय (साँस) को न तोड़ते हुए स्वयं करें और विद्यार्थी से पाठ के प्रत्येक शब्द को पढ़ने के लिए कहें। इस तरह से शब्दों का उच्चारण करवाने से शब्दों को पढ़ना जल्दी आ जाता है। जरुरत पड़ने पर इस प्रक्रिया को दो या तीन से कुछ ज्यादा बार भी करना पड़ सकता है। साथ में शब्दों का अर्थ भी समझायें।

6. हिंदी में बिना मात्रा वाले शब्दों को सिखाने के बाद मात्रा वाले शब्दों को भी पढ़ाते समय लय (सांस) को नहीं तोड़ना है और विद्यार्थी की क्षमता के अनुसार 1, 2 या 3 मात्रा को प्रत्येक दिन पढ़ाने से पहले ज्यादा से ज्यादा शब्दों को (जो शब्द पुस्तक में दिये गये हैं या फिर अपनी तरफ से छोटे बच्चों के लिए कुछ परिचित शब्दों को बनाकर) अभिभावक को बोलना है, इससे विद्यार्थी को शब्दों का उच्चारण समझने और बोलने में सुविधा होती है। एक बार में एक ही मात्रा को लेकर अभ्यास कराया जाना चाहिए। साथ में मुश्किल हिंदी शब्दों का अर्थ भी सरल हिंदी शब्दों में समझाएं।

7. हिंदी में बिना मात्रा वाले और मात्रा वाले शब्दों को सिखाने के बाद आधे अक्षर वाले शब्दों को भी पढ़ाते समय लय (साँस) को नहीं तोड़ना है और विद्यार्थी की क्षमता के अनुसार 1, 2 या 3 आधे अक्षरों को प्रत्येक दिन पढ़ाने से पहले ज्यादा से ज्यादा शब्दों को (जो शब्द पुस्तक में दिये गये हैं या फिर अपनी तरफ से छोटे बच्चों के लिए कुछ परिचित शब्दों को बनाकर) अभिभावक को बोलना है, इससे विद्यार्थी को शब्दों का उच्चारण समझने और बोलने में सुविधा होती है। एक बार में एक ही आधे अक्षर को लेकर अभ्यास कराया जाना चाहिए। साथ में मुश्किल हिंदी शब्दों का अर्थ भी सरल हिंदी शब्दों में समझाएं।

8. पढ़ना और लिखना सिखाने के बाद हिन्दी और अंग्रेजी वर्णमाला को क्रम से याद कराने और लिखवाने में सुविधा होती है। चाहें तो क्रम से याद करवा लें और क्रम से लिखवाने का अभ्यास करा लें। किन्तु यह बहुत जरूरी नहीं है क्योंकि ज्यादातर विद्यार्थियों को दोनों ही तरह की वर्णमाला को बार–बार देखकर लिखते रहने से पूरी वर्णमाला लिखना और याद करना अपने आप आ जाता है।

9. भविष्य में कोडिंग/डिकोडिंग प्रश्नों को हल करने से पहले हिन्दी और अंग्रेजी दोनों वर्णमाला को सीधे और उल्टे क्रम में याद कराना/लिखवाना बेहतर होगा।

10. हिंदी में पूरे अक्षर, मात्रा वाले अक्षर और आधे अक्षर का ज्ञान विद्यार्थी को हो जाने के बाद किताब में चित्र के साथ दिये हुए हिंदी और अंग्रेजी दोनों ही भाषाओं में लिखे शब्दों को दोबारा अलग से कॉपी में लिखकर फिर से 2 या तीन बार शब्दों का उच्चारण करायें और शब्दों का अर्थ भी समझायें और इसके बाद हिंदी और अंग्रेजी दोनों ही भाषाओं के अपने आस–पास छोटे बच्चों के लिए ज्यादा परिचित शब्दों को, जो ज्यादा बोले और लिखे जाते हैं, जैसे शब्दों को अलग से कॉपी में लिखकर शब्दों का उच्चारण करायें और जरूरत पड़ने पर ऐसे शब्दों का अर्थ भी समझायें तथा मुश्किल हिंदी शब्द को सरल हिंदी शब्द या शब्दों में तथा मुश्किल अंग्रेजी शब्द को हिंदी के सरल शब्द /शब्दों में प्रत्येक दिन 5–5 बार या आवश्यकतानुसार कम या ज्यादा बार लिखने को दें।

11. (क) हिंदी में बिना चित्र वाले साधारण पंक्ति और स्तम्भ वाले साधारण पाठ; जैसे –

कलश	कोशिश	करतब	कलह	कतिपय
खामोश	ख़िदमत	खुशकिस्मत	खिलाफत	ख़राब
.....	.....	.....	.....	.....
.....	.....	.....	.....	.....

को पढ़ाते समय मुश्किल शब्दों का उच्चारण दो या तीन बार करायें और शब्दों का अर्थ भी समझायें और पाठ को पढ़ाते समय पाठ के मुश्किल शब्दों <u>की रीडिंग</u>/<u>के उच्चारण</u>/<u>को पढ़ना</u> सिखाने के साथ–साथ आवश्यकतानुसार 5 या उससे अधिक या कम बार सरल हिंदी शब्द/शब्दों में लिखने को दें। जैसे –

मुश्किल हिंदी शब्द – सरल हिंदी शब्द/सरल हिंदी शब्दों में

कतिपय – कुछ

कतिपय – कुछ

कतिपय – कुछ

कतिपय – कुछ

कतिपय – कुछ

.....

.....

(ख) इसी तरह से अंग्रेजी में बिना चित्र वाले साधारण पंक्ति और स्तम्भ वाले साधारण पाठ; जैसे –

Ant	Awl	Animal	Almirah	And
But	Bat	Boat	Boy	Girl
…..	…..	…..	…..	…..
…..	…..	…..	…..	…..

South Snake Slate Ride Sparrow

को पढ़ाते समय किसी भी मुश्किल अंग्रेजी शब्द का उच्चारण न आने पर, ऐसे शब्द का उच्चारण 2 या 3 बार करवाकर, अर्थ की लाइन को खाली रखते हुए लिखने को दें जैसे–

मुश्किल अंग्रेजी शब्द	**उच्चारण**	**अर्थ**
South	साउथ	.....
South	साउथ	.....
South	साउथ	.....
South	साउथ	.....
South	साउथ	.....

.....

.....

(आवश्यकतानुसार 5 या उससे अधिक या कम बार)

यदि विद्यार्थी के अंदर सीखने की क्षमता अच्छी है तो इस प्रक्रिया को 5 बार से घटाकर 4, 3, 2 या 1 बार भी कर सकते हैं। इसी तरह से विद्यार्थी यदि उच्चारण को देर से सीख पाता है तो इस प्रक्रिया को 5 से ज्यादा 6, 7, 8..... इत्यादि बार भी कर सकते हैं।

(ग) और किसी भी मुश्किल अंग्रेजी शब्द का अर्थ न आने पर शब्द का अर्थ सरल हिंदी शब्द या शब्दों में विस्तार से समझाते हुए और उच्चारण की लाइन को खाली रखते हुए लिखने को दें –

जैसे–

मुश्किल अंग्रेजी शब्द	**उच्चारण**	**अर्थ**
South	.....	दक्षिण
South	.....	दक्षिण
South	.....	दक्षिण
South	.....	दक्षिण
South	.....	दक्षिण

(आवश्यकतानुसार 5 या उससे अधिक या कम बार)

यदि विद्यार्थी के अंदर सीखने की क्षमता अच्छी है तो इस प्रक्रिया को 5 बार से घटाकर 4, 3, 2 या 1 बार भी कर सकते हैं; इसी तरह से विद्यार्थी यदि अर्थ को देर से सीख पाता है तो इस प्रक्रिया को 5 से ज्यादा 6, 7, 8..... इत्यादि बार भी कर सकते हैं।


अभिभावकों को यहाँ पर ध्यान देना होगा कि शब्दों के उच्चारण और अर्थ को सिखाने के अच्छे परिणाम के लिए विद्यार्थी शब्द, उच्चारण और अर्थ लिखने की पहली लाइन के पूरा हो जाने के बाद ही दूसरी,

तीसरी, चौथी, पांचवीं... इत्यादि लाइन को लिखें; क्योंकि कुछ विद्यार्थी एक ही बार में या तो शब्द की सभी लाइन को पूरा लिख देते हैं या फिर एक ही बार में उच्चारण की सभी लाइन को पूरा लिख देते हैं या फिर एक ही बार में अर्थ की सभी लाइन को पूरा लिख देते हैं; ऐसा करने से शब्द को सीखने; शब्द का उच्चारण सीखने और शब्द का अर्थ सीखने के अच्छे परिणाम नहीं आते हैं। अतः अभिभावक को इसके लिए विद्यार्थी पर नजर बनाए रखनी होगी जिससे कि विद्यार्थी ऐसा न करने पाएं।


12. हिंदी और अंग्रेजी दोनों तरह के गद्य या पद्य वाले पाठ को पढ़ाते समय संक्षिप्त अक्षरों M / R; अ / प / उ का प्रयोग किया जाना चाहिए जिसमें M का मतलब – Meaning (मीनिंग) – अर्थ; R का मतलब – Reading (रीडिंग) – पढ़ना; अ का मतलब–अर्थ; प का मतलब – पढ़ना और उ का मतलब – उच्चारण है।

13. A. चित्र वाले, साधारण पंक्ति और स्तम्भ वाले हिंदी पाठ को पढ़ाने के बाद हिंदी गद्य और पद्य के मुश्किल शब्दों का उच्चारण और अर्थ जानना जरूरी होता है जिसके लिए निम्न प्रक्रिया अपनानी है –


(i) हिंदी गद्य और पद्य को पढ़ाना – हिंदी के गद्य या पद्य को पढ़ाते समय किसी भी मुश्किल शब्द का अर्थ जानने के लिए अभिभावक को हिंदी के मुश्किल शब्द पर उंगली या किसी तरह का संकेतक रखकर सिर्फ अर्थ / अ बोलना है; विद्यार्थी के अर्थ को न बता पाने पर शब्द का अर्थ विस्तार से बताने के बाद इस मुश्किल शब्द पर पेंसिल से गोला बनाकर, गोले के ऊपर / नीचे / दायें / बायें उपलब्ध खाली स्थान पर सिर्फ 'अ' लिख देना है।




यदि विद्यार्थी को English के शब्दों से असुविधा न हो तो हिंदी के गद्य या पद्य को पढ़ाते समय मुश्किल शब्द का अर्थ जानने के लिए अभिभावक मुश्किल शब्द पर उंगली या किसी तरह का संकेतक रखकर – अर्थ / अ के अलावा – Meaning (मीनिंग / M) भी बोल सकता है और विद्यार्थी के अर्थ को न बता पाने पर शब्द का अर्थ विस्तार से बताने के बाद इस मुश्किल शब्द पर पेंसिल से गोला बनाकर गोले के ऊपर / नीचे / दायें / बायें उपलब्ध खाली स्थान पर 'अ' / 'M' में से कोई भी एक अक्षर या दोनों भी लिख सकता है।



(ii) हिंदी के गद्य या पद्य को पढ़ाते समय किसी भी मुश्किल शब्द का उच्चारण जानने के लिए अभिभावक को हिंदी के मुश्किल शब्द पर उंगली या किसी तरह का संकेतक रखकर सिर्फ पढ़ना/प/उच्चारण/उ में से कोई भी एक शब्द या अक्षर को बोलना है; विद्यार्थी के उच्चारण को न बता पाने पर शब्द का दो या तीन बार अच्छे ढंग से उच्चारण कराने के साथ–साथ इस मुश्किल शब्द का अर्थ बताने के बाद इस मुश्किल शब्द पर पेंसिल से गोला बनाकर, गोले के ऊपर/नीचे/दायें/बायें उपलब्ध खाली स्थान पर 'प'/'उ' में से कोई भी एक अक्षर लिख देना है।




यदि विद्यार्थी को English के शब्दों से असुविधा न हो तो हिंदी के गद्य या पद्य को पढ़ाते समय मुश्किल शब्द का उच्चारण जानने के लिए अभिभावक मुश्किल शब्द पर उंगली या किसी तरह का संकेतक रखकर – उच्चारण/उ और पढ़ना/प के अलावा – Reading (रीडिंग/R) भी बोल सकता है और विद्यार्थी के उच्चारण को न बता पाने पर शब्द का दो या तीन बार अच्छे ढंग से उच्चारण करवाकर; शब्द का विस्तार से अर्थ बताने के बाद इस मुश्किल शब्द पर पेंसिल से गोला बनाकर गोले के ऊपर/नीचे/दायें/बायें उपलब्ध खाली स्थान पर 'प'/'उ' के अलावा 'R' भी लिख सकता है या इन तीनों में से किसी एक अक्षर का प्रयोग भी कर सकता है।




(iii) इसी तरह से हिंदी के किसी भी मुश्किल शब्द का उच्चारण और अर्थ दोनों जानने के लिए क्रमशः हिंदी के मुश्किल शब्द पर उंगली या किसी तरह का संकेतक रखकर – Reading

(रीडिंग) / R/उच्चारण / उ / पढ़ना / प में से कोई एक शब्द या अक्षर को बोलना है; विद्यार्थी के उच्चारण को न बता पाने पर शब्द का अच्छे ढंग से 2 या 3 बार उच्चारण करवाने के बाद दोबारा Meaning (मीनिंग) / M /अर्थ / अ में से कोई एक शब्द या अक्षर को बोलना है और विद्यार्थी के अर्थ को न बता पाने पर शब्द का अर्थ विस्तार से बताने के बाद इस मुश्किल शब्द के चारों ओर पेंसिल से गोला बनाकर गोले के ऊपर / नीचे / दायें / बायें उपलब्ध खाली स्थान पर 'M'/'अ' में से कोई एक अक्षर तथा 'R', 'प' / 'उ' में से कोई एक अक्षर & संकेत के साथ लिख देना है।




B. English Prose या English Poetry वाले पाठ को पढ़ाते समय अभिभावकों को मुख्य रूप से English Prose और English Poetry के Difficult Word की या तो Meaning (मीनिंग) – अर्थ या Reading (रीडिंग) – उच्चारण जानना जरूरी होता है जिसके लिए निम्न प्रक्रिया अपनानी है –


(i) Reading of English Prose and Poetry (अंग्रेजी के गद्य और पद्य को पढ़ाना) – (अंग्रेजी के Prose या Poetry को पढ़ाते समय किसी भी Difficult Word (मुश्किल शब्द) का अर्थ जानने के लिए अभिभावक को अंग्रेजी के Difficult Word (मुश्किल शब्द) पर उंगली या किसी तरह का संकेतक रखकर सिर्फ – Meaning (मीनिंग) / M बोलना है; विद्यार्थी के Meaning (मीनिंग) – अर्थ को न बता पाने पर शब्द की Meaning (मीनिंग) – अर्थ को विस्तार से बताने के बाद इस Difficult Word पर पेंसिल से गोला बनाकर, गोले के ऊपर / नीचे / दायें / बायें उपलब्ध खाली जगह पर सिर्फ 'M' लिख देना है।



(ii) इसी तरह से किसी भी Difficult Word का उच्चारण जानने के लिए अभिभावक को अंग्रेजी के Difficult Word (मुश्किल शब्द) पर उंगली या किसी तरह का संकेतक रखकर सिर्फ – Reading/R बोलना है; विद्यार्थी के Reading (रीडिंग) – उच्चारण; को न बता पाने पर शब्द की Reading (रीडिंग) – उच्चारण को दो या तीन बार अच्छे ढंग से कराने के बाद इस Difficult Word पर पेंसिल से गोला बनाकर, गोले के ऊपर/नीचे/दायें/बायें उपलब्ध खाली जगह पर सिर्फ 'R' लिख देना है।



(iii) इसी तरह से किसी भी Difficult Word का उच्चारण और अर्थ दोनों जानने के लिए क्रमशः Difficult Word पर उंगली या किसी तरह का संकेतक रखकर क्रमशः – Reading (रीडिंग)/R और Meaning (मीनिंग)/M में से कोई एक शब्द या अक्षर को बोलना है; विद्यार्थी के Reading को न बता पाने पर शब्द की 2 या 3 बार अच्छे ढंग से Reading कराने के बाद दोबारा – Meaning (मीनिंग)/M बोलना है और विद्यार्थी के अर्थ को न बता पाने पर अर्थ को विस्तार से बताने के बाद इस Difficult Word पर पेंसिल से गोला बनाकर, गोले के ऊपर/नीचे/दायें/बायें उपलब्ध खाली स्थान पर 'R&M' लिख देना है।



इस तरह से पाठ को 1 बार रीडिंग कराने/पढ़ाने के बाद गोले में प्राप्त शब्दों को अगले चरण में जिन शब्दों पर R, प/उ या M/अ या R&M या M/अ & R/प/उ लिखा हो को–

रीडिंग/उच्चारण कराना/पढ़ाना है और मुश्किल अंग्रेजी शब्दों के अर्थ को बार–बार विद्यार्थी से लिखवाते रहने का अभ्यास नियम 11 के (क), (ख) और (ग) के अनुसार करवाते रहना है। ऐसा करते समय जिन शब्दों – की रीडिंग को करना/का उच्चारण करना/को पढ़ना और शब्दों – की मीनिंग/का अर्थ दोनों आ जाये, उसे रबर से मिटाते जायें और इस तरह से बार–बार लिखवाकर अभ्यास करवाते रहने और उच्चारण करवाते रहने से शब्द – की रीडिंग करना/का उच्चारण करना/को पढ़ना और शब्द की मीनिंग/अर्थ जल्दी समझ में आ जाता है।

14. हिन्दी माध्यम के विद्यार्थियों को हिन्दी रीडिंग कराते समय अभिभावक को विद्यार्थी के हर शब्द की रीडिंग करने/का उच्चारण करने/को पढ़ने के बाद – आगे या विद्यार्थी को अंग्रेजी के शब्दों से असुविधा न होने पर – Continue / Go on / Keep on / Carry on (सभी का अर्थ है– जारी रखना/करते रहना..... इत्यादि) बोलते रहना है, इससे विद्यार्थी के शब्दों के पढ़ने की लय बनी रहती है।

15. अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों को हिंदी – रीडिंग कराते समय/पढ़ाते समय हरेक शब्द को पढ़ने के बाद – Continue / Go on / Keep on / Carry on (सभी का अर्थ है– जारी रखना/करते रहना..... इत्यादि) बोलते रहना है, इससे विद्यार्थी के पढ़ने की लय बनी रहती है।

16. हिंदी और अंग्रेजी दोनों ही माध्यम के विद्यार्थियों को English (अंग्रेजी) पढ़ाते समय/का उच्चारण कराते समय/को रीडिंग कराते समय– अभिभावक को विद्यार्थी के हर शब्द की रीडिंग कराने/का उच्चारण कराने/को पढ़ाने के बाद – Go on / Keep on / Continue / Carry on (सभी का अर्थ है– जारी रखना/करते रहना..... इत्यादि) बोलते रहना है, इससे विद्यार्थी के शब्दों के पढ़ने की लय बनी रहती है।

17. 12 वर्ष तक के विद्यार्थियों के शब्दों की राइटिंग पर ज्यादा ध्यान न देकर शब्दों की रीडिंग और अर्थ पर ज्यादा ध्यान देना है। इस उम्र तक विद्यार्थी की लिखावट/राइटिंग सिर्फ पढ़ने लायक होने पर भी चलेगी।

18. 12 वर्ष के बाद विद्यार्थी से हिन्दी वर्णमाला के अक्षरों को 'अ' से 'ज्ञ' तक हिन्दी की कॉपी में तथा अंग्रेजी अक्षरों (Letters) को चार रूल की कॉपी में लिखवाकर खराब राइटिंग (Writing) वाले अक्षरों/Letters को अलग सुलेख पर लिखवाकर अभ्यास करवाते रहने से राइटिंग/लिखावट को काफी हद तक सुधारा जा सकता है।

19. हिंदी और अंग्रेजी दोनों ही भाषाओं में दायीं तरफ की ओर झुके शब्दों की राइटिंग/लिखावट को अच्छा माना जाता है। अतः विद्यार्थियों को इसके लिए प्रेरित करें। साथ में विद्यार्थियों को घर पर रफ कार्य हेतु पेंसिल से लिखने के लिए भी प्रेरित करें क्योंकि पेंसिल की लिखावट भी राइटिंग सुधार में सहायक होती है और इसमें गति भी ज्यादा होती है। मुश्किल शब्दों की स्पेलिंग (Spelling) को रटाने की जगह पर 5 या अधिक बार लिखवाकर अभ्यास कराने से स्पेलिंग में सुधार लाया जा सकता है तथा 12वीं तक हिंदी और अंग्रेजी दोनों ही भाषाओं में शब्दकोष/शब्दों के अर्थ पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए।

20. पहाड़े को याद कराने और अच्छे परिणाम के लिए 1 उंगली पर 3–3 अंकों को लेकर और जोड़–जोड़ कर अभ्यास कराया जाना चाहिए। चाहें तो गुणा करके याद कराने का भी अभ्यास करा सकते हैं।

21. गणित पढ़ने के लिए हर अध्याय (Lesson) पाठ के प्रत्येक अभ्यास (Exercise) से पहले दी हुई सभी चीजों को 2 या 3 बार विद्यार्थी से लिखवाने पर विद्यार्थी ज्यादातर प्रश्नों (Questions) / समस्याओं (Problems) को स्वयं ही हल करने में सक्षम हो जाता है। अतः अभिभावक विद्यार्थियों को ऐसा करने के लिए प्रेरित करें। जरुरत पड़ने पर अभिभावक, ट्यूटर, संस्थानिक और प्रतियोगी छात्र को स्वयं भी करना चाहिए।

22. इसी तरह से अन्य सभी विषयों के अध्याय को पढ़ने/पढ़ाने और समझने/समझाने के लिए मुश्किल शब्दों की मीनिंग/शब्दों के अर्थ को किताबों (Books) के प्रत्येक अध्याय/पाठ के ऊपर पेंसिल से लिखकर/लिखवाकर और याद करके और याद करवाकर बाद में अध्याय/पाठ को पूरा–पूरा 2 या 3 बार लिखकर/लिखवाकर ज्यादातर चीजों को आसानी से समझा और समझाया जा सकता है और पाठ के अन्त में दिये गये अभ्यास को आसानी से हल किया जा सकता है और हल कराया जा सकता है। प्रत्येक अभ्यास को करने या कराने से पहले/अभ्यास को करने/कराने के बाद पाठ से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों/बिन्दुओं को पेंसिल द्वारा कोष्ठकों–( ), {}, [] में चिन्हित कर अलग से विद्यार्थी को समझाया, लिखवाया और याद कराया जाना चाहिए। इससे पूरे पाठ को समझने में सहायता मिलती है। महत्वपूर्ण तथ्यों/बिन्दुओं को रेखांकित (–) भी कर सकते हैं, किन्तु इसमें समय ज्यादा लगता है और किताब भी गंदी दिखती है, अतः जहाँ तक हो सके किताब को रेखांकित करने से बचें। जरुरत पड़ने पर अभिभावक, ट्यूटर, संस्थानिक और प्रतियोगी छात्र को स्वयं भी करना चाहिए।

23. विद्यार्थियों की कॉपियां जाँचते समय हर पेज पर सिर्फ 1 ही बार सही का निशान (✓) लगायें तथा गलत तथ्यों या बिन्दुओं को प्रश्न की क्रम संख्या और विकल्पों से इंगित कर प्रत्येक पेज पर उपस्थित खाली जगह पर सही करके लिखने या लिखवाने की आदत बनायें या इसके लिए अलग से सुधार (Correction) नोटबुक का भी उपयोग कर सकते हैं। उच्चारण सुधार के लिए विद्यार्थी को कुछ समय के लिए घर पर बोल–बोलकर हिन्दी और अंग्रेजी किताबों को पढ़ना चाहिए। तथ्यों को याद करने के लिए विद्यार्थियों को लिखकर याद करने के लिए प्रेरित करें क्योंकि लिखकर याद की हुई चीजें ज्यादा समय तक याद रहती हैं।

24. मुश्किल शब्दों की मीनिंग/शब्दों का अर्थ/की रीडिंग को जानने के लिए गूगल की सहायता से जान सकते हैं या फिर ऐसे शब्दों के चित्र को Whatsapp No. 7860806220 पर भेज कर या डायरेक्ट कॉल करके जाना जा सकता है, किन्तु इस सुविधा के लिए आवश्यक होने पर सुविधा शुल्क लगाया जा सकता है।

25. शिक्षण संबंधी ज्ञान और कौशल को और ज्यादा बढ़ाने के लिए बाजार से किसी भी विश्वविद्यालय से संबंधित डी.एल.एड. (पूर्व में बी.टी.सी.)/बी.एड. की नई या पुरानी किताबों का स्व–अध्ययन कर इस क्षेत्र के संबंध में ज्ञान और कौशल को काफी हद तक बढ़ाया जा सकता है।

26. जो नियम विद्यार्थी और अभिभावक दोनों पर लागू न हों या दोनों (विद्यार्थी और अभिभावक) को याद होते जायें उसे पुस्तक के पेज पर पेंसिल से काट दें/(Cross) कर दें। ऐसा करने से अनावश्यक नियमों में समय खर्च नहीं होगा और शिक्षण कार्य तेज गति से आगे बढ़ेगा। किताब

के ऊपर लिखे जा सकने वाले उत्तरों को हो सके तो नोटबुक (असली कॉपी) में भी लिखा/लिखवाया जाना चाहिए जिससे कि इन उत्तरों को बार–बार किताब के ऊपर पेंसिल से लिखकर/लिखवाकर और मिटाकर या अन्य जगहों पर पेंसिल/पेन से लिखकर और मिटाकर आसानी से याद किया जा सकता है और करवाया जा सकता है और किसी भी परिस्थिति में कोई भी महत्वपूर्ण बिन्दु/तथ्य को किताब पर रेखांकित करने के लिए पेन का प्रयोग नहीं करना चाहिए और हमेशा पेंसिल का ही प्रयोग करना चाहिए।

हर अभिभावक शिक्षक
(भाग - २)

कक्षा 5 से ऊपर के सभी हिंदी भाषी विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों या ऐसे व्यक्तियों के लिए जो English (अंग्रेजी) भाषा को पढ़ने में विशेष रुचि रखते हों।

दुनिया की लगभग सभी भाषाओं में Tense (काल/समय) का एक महत्वपूर्ण स्थान होने और English उसमें से एक विश्वव्यापी भाषा होने के कारण यहाँ पर Tense को अत्यंत सरल ढंग से समझाने का एक छोटा सा प्रयास किया गया है। उम्मीद है कि माता/पिता या अभिभावक अपने बच्चों को इस छोटे से प्रयास द्वारा Tense का Basic (बुनियादी) ज्ञान कराने में सफल होंगे। माता/पिता या अभिभावकों को सलाह दी जाती है कि वे विद्यार्थियों को इस भाग को तभी पढ़ायें जब विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम में Tense शामिल हो या फिर विद्यार्थियों को English पढ़ने में बहुत ज्यादा रूचि हो।

Tense - काल या समय

English में Tense को प्रमुख रूप से तीन भागों – 1. Present Tense (वर्तमान काल) 2. Past Tense (भूतकाल) और 3. Future Tense (भविष्य काल) में विभाजित किया गया है और हरेक Tense को आगे के चार भागों में – (1) Indefinite Tense (अनिश्चित काल) (2) Continuous Tense (जारी काल) (3) Perfect Tense (पूर्ण काल) और (4) Perfect Continuous Tense (पूर्ण जारी काल) में बाँटा गया है।

इस तरह से Tense (काल) के सभी भागों को विभाजित करने पर Tense के 12 निम्नवत् भाग बनते हैं –

1. Present Indefinite Tense (वर्तमान अनिश्चित काल)
2. Present Continuous Tense (वर्तमान जारी काल)
3. Present Perfect Tense (वर्तमान पूर्ण काल)
4. Present Perfect Continuous Tense (वर्तमान पूर्ण जारी काल)
5. Past Indefinite Tense (अनिश्चित भूतकाल)
6. Past Continuous Tense (जारी भूतकाल)
7. Past Perfect Tense (पूर्ण भूतकाल)
8. Past Perfect Continuous Tense (पूर्ण जारी भूतकाल)
9. Future Indefinite Tense (अनिश्चित भविष्य काल)

10. Future Continuous Tense (जारी भविष्य काल)

11. Future Perfect Tense (पूर्ण भविष्य काल)

12. Future Perfect Continuous Tense (पूर्ण जारी भविष्य काल)

एक महत्वपूर्ण सुझाव –

इस पुस्तक के लेखक की तरफ से अपने ज्ञान और अनुभव के आधार पर माता/पिता या अभिभावक को निम्नवत् सलाह दी जाती है –

a. English में Tense का ज्ञान कराते समय/पढ़ते या पढ़ाते समय प्रथम चक्र में सिर्फ Active Voice Sentences (जिसमें कर्ता या कार्य करने वाले का महत्व ज्यादा होता है) के सभी भागों के सिर्फ Affirmative sentences (स्वीकारात्मक वाक्यों) की पहचान और अनुवाद को पढ़ने/पढ़ाने का प्रयास करें। यह प्रक्रिया प्रथम चक्र में अच्छे तरीके से पूर्ण हो जाने और प्रक्रिया का अच्छी तरह से अभ्यास हो जाने के बाद Active Voice Sentences के Negative (नकारात्मक) (Interrogative (प्रश्नवाचक) (Interrogative Negative (नकारात्मक प्रश्नवाचक) (Double Interrogative (दोहरे प्रश्नवाचक) (Double Interrogative Negative) (दोहरे नकारात्मक प्रश्नवाचक) वाक्यों की पहचान, अनुवाद के नियम तथा अनुवाद को पढ़ने/पढ़ाने से English Tense को सीखने में सरलता होती है।

b. Tense के सभी भागों के Active sentences को पूरी तरह से पढ़ने/पढ़ाने के बाद ही Passive Voice के वाक्यों को पढ़ना/पढ़ाना चाहिए।

c. Present Perfect Tense और Past Indefinite Tense को एक साथ पढ़ने/पढ़ाने का प्रयास किया जाना चाहिए।

d. Past Perfect Tense और Future Perfect Tense को एक साथ पढ़ने/पढ़ाने का प्रयास किया जाना चाहिए।

e. Singular (एकवचन) का संक्षिप्त रूप – sg / sing. / S

   Plural (बहुवचन) का संक्षिप्त रूप – pl / pl. / PL

   Subject (कर्ता) का संक्षिप्त रूप – subj. / sub / SUB

   Object (कर्म) का संक्षिप्त रूप – obj.

   क्रिया की first form का संक्षिप्त रूप – V1

   किया की second form का संक्षिप्त रूप – V2

   क्रिया की Third form का संक्षिप्त रूप – V3

का प्रयोग सभी Tenses के Active Voice (कर्तृवाच्य) और Passive Voice (कर्मवाच्य) के वाक्यों में किया जायेगा।

** कुछ वाक्यों के अनुवाद में कोष्ठक ( ) के प्रयोग का अर्थ है कि उसे लगा भी सकते हैं या हटा भी सकते हैं।*

Active Voice (कर्तृवाच्य) – ऐसे वाक्य जिसमें क्रिया (कार्य) करने वाले का ज्यादा महत्व होता है। ऐसे वाक्यों में object (कर्म) का होना जरूरी नहीं होता है अर्थात् ऐसे वाक्य object ले भी सकते हैं या नहीं भी ले सकते हैं अर्थात ऐसे वाक्यों में Subject और Verb का होना जरूरी होता है।

Passive Voice (कर्मवाच्य) – ऐसे वाक्य जिसमें क्रिया का ज्यादा महत्व हो; न कि कार्य करने वाले का। ऐसे वाक्यों में subject (कर्ता) हो सकता है या नहीं भी हो सकता है; अर्थात ऐसे वाक्यों के लिए Object और Verb का होना जरूरी होता है।

अंग्रेजी में Active Voice और Passive Voice की सहायक क्रियायें –

Tense	Active Voice	Passive Voice
Present Ind. Tense	Do / Does	Is / Am / Are
Present Cont. Tense	Is / Am / Are	Is being / Am being / Are being
Present Perf. Tense	Has / Have	Has been / Have been
Present Perf. Cont. Tense	Has been / Have been	No Passive voice
Past Ind. Tense	Did	Was / Were
Past Cont. Tense	Was / Were	Was being / Were being
Past Perf. Tense	Had	Had been
Past Perf. Cont. Tense	Had been	No Passive voice
Future Ind. Tense	Will / Shall	Will be / Shall be
Future Cont. Tense	Will be / Shall be	No Passive voice
Future Perf. Tense	Will have / Shall have	Will have been / Shall have been
Future Perf. Cont. Tense	Will have been / Shall have been	No Passive voice

Present Tense

(वर्तमान काल)

1. Present Indefinite Tense (वर्तमान अनिश्चित् काल)

Identity (पहचान) – Any repeated action in present. अर्थात् वर्तमान में बार–बार होने वाला कार्य Present Indefinite Tense के अंतर्गत आता है और हिंदी वाक्यों के अंत में – **ता है /ती है /ते हैं...** इत्यादि आते हैं।

Rule for Translation from Hindi Sentences to English Sentences

(हिंदी वाक्यों से अंग्रेजी वाक्यों में अनुवाद के नियम)

Rule -

subj. + V1 + s / es + obj.

↓

With singular subject; except 'I' / 'You'

अर्थात हिंदी वाक्य से अंग्रेजी वाक्य बनाते समय एकवचन कर्ता के साथ ('I' / 'You' को छोड़कर) क्रिया की first form में s / es जरूरत के अनुसार जोड़ा जाता है।

हिंदी उदाहरण वाक्य –

(i) सूरज पूरब में निकलता है।

(ii) पानी जीरो डिग्री सेल्सियस तापमान पर जमता है।

(iii) रवि स्कूल जाता है।

(iv) मैं क्रिकेट खेलता हूँ।

(v) तुम क्रिकेट खेलते हो।

(vi) वे क्रिकेट खेलते हैं।

(vii) राम और श्याम क्रिकेट खेलते हैं।

(viii) हम क्रिकेट खेलते हैं।

(ix) उसके माता या पिता अखबार पढ़ते हैं।

(x) मेरे माता–पिता अखबार पढ़ते हैं।

Parent (sing.) – माता या पिता में से कोई एक; जबकि Parents (pl) – माता और पिता दोनों।

(xi) मोहन का अभिभावक अखबार पढ़ता है।

(xii) उसके अभिभावक अखबार पढ़ते हैं।

Guardian (sing.) – अभिभावक; जबकि Guardians (pl) – एक से ज्यादा अभिभावक

हिंदी उदाहरण वाक्यों का अंग्रेजी अनुवाद –

(i) The Sun rises in the East.

subj. (sing.) + V1 + s + obj. (Complement–पूरक)

(ii) Water freezes at zero degree celcius temperature.

subj. (sing.) + V1 + s + obj.

(iii) Ravi goes to school.

subj. (sing.) + V1+ es + obj.

(iv) I play cricket.

subj. (I) + V1 + obj.

(v) You play cricket.

subj. (You) + V1 + obj.

(vi) They play cricket.

subj. (pl) + V1 + obj.

(vii) Ram and Shyam play cricket.

subj. (pl) + V1 + obj.

जब दो singular subjects 'and' से जुड़े हों तो हमेशा Plural Subjects माने जाते हैं और उनके साथ हमेशा Plural Verb का ही प्रयोग किया जाता है।

(viii) We play cricket.

subj. (pl) + V1 + obj.

(ix) His parent reads newspaper.

subj. (sing.) + V1 + s + obj.

(x) My parents read newspaper.

subj. (pl) + V1 + obj.

(xi) Mohan's guardian reads newspaper.

subj. (sing.) + V1 + s + obj.

(xii) His guardians read newspaper.

subj. (pl) + V1 + obj.

अभ्यास हेतु हिंदी उदाहरण वाक्य –

(i) सूरज पश्चिम में छिपता है।

(ii) पानी सौ डिग्री तापमान पर उबलता है।

(iii) सीता क्रिकेट खेलती है।

(iv) मैं कहानियाँ पढ़ता हूँ।

(v) तुम कहानियाँ पढ़ते हो।

(vi) वे कहानियाँ पढ़ते हैं।

(vii) राम और श्याम कहानियाँ पढ़ते हैं।

(viii) हम कहानियाँ पढ़ते हैं।

(ix) उनके माता या पिता कहानियाँ पढ़ते हैं।

(x) हमारे माता–पिता कहानियाँ पढ़ते हैं।

(xi) मोहन का अभिभावक कहानियाँ पढ़ता है।

(xii) हमारे अभिभावक कहानियाँ पढ़ते हैं।

2. Present Continuous Tense (वर्तमान जारी काल)

A. Present State / Stage (वर्तमान दशा/अवस्था) – यह किसी वस्तु की वर्तमान दशा या अवस्था को दर्शाता है और हिंदी वाक्यों के अंत में – **हैं, हूँ, हो**... इत्यादि आते हैं और वाक्य में किसी तरह का कोई कार्य नहीं होता है अर्थात इस तरह के वाक्य में मुख्य क्रिया का अभाव पाया जाता है; जैसे –

(i) यह एक पेड़ है।

(ii) मैं डॉक्टर हूँ।

(iii) यह बर्फ का टुकड़ा है।

(iv) उसका भाई नेता है।

(v) मोहन छात्र है।

(vi) तुम ईमानदार हो

(vii) आज बहुत गर्म है।

(viii)स्कूल बहुत दूर है।

(ix) हम इंसान हैं।

(x) हम नश्वर हैं।

Rule –

(With 'I')

('I' के साथ)

↑

subj. + is / am / are + Complement (पूरक)

↓ ↓

With sing. subj. except 'I / You' एकवचन कर्ता के साथ 'I' / 'You' को छोड़कर	With pl. subj. and You बहुवचन कर्ता और You के साथ

हिंदी उदाहरण वाक्यों का अंग्रेजी अनुवाद –

(i) This is a tree.

subj. (This - sing.) + is + complement

(ii) I am a doctor.

subj. (I) + am + complement

(iii) This is a piece of ice.

subj. (sing.) + is + complement

(iv) His brother is a leader.

subj. (sing.) + is + complement

(v) Mohan is a student.

subj. (sing.) + is + complement

(vi) You are honest.

subj. (You) + are + complement

(vii) It is very hot today.

subj. (It - sing.) + is + complement

(viii) The school is very far.

subj. (sing.) + is + complement

(ix) We are human.

subj. (pl) + are + complement

(x) We are mortal.

subj. (pl) + are + complement

अभ्यास हेतु हिंदी उदाहरण वाक्य –

A.

(i) यह कलम है।

(ii) वह छात्र है।

(iii) यह भवन है।

(iv) आज बहुत ठंडक है।

(v) बगीचा बहुत सुंदर है।

(vi) मैं बीमार हूँ।

(vii) उसका भाई वकील है।

(viii) तुम बुद्धिमान हो।

(ix) हम भारतीय हैं।

(x) तुम मेहनती हो।

B. या फिर Present Continuous Tense shows continuity of some present action या फिर इस काल से वर्तमान में किसी कार्य की निरंतरता के बारे में जानकारी मिलती है; किंतु यह पता नहीं होता है कि कार्य कब से या कितनी देर से चल रहा है; और हिंदी वाक्यों के अंत में – **रहा है; रही है; रहे हैं**; इत्यादि आते हैं; किन्तु यह कोई जरूरी नहीं है; अर्थात् वर्तमान में कार्य की निरंतरता को ही इस Tense की असली पहचान माना जाना चाहिए; जैसे –

(i) पुस्तक मेज पर पड़ी है।

(ii) मैं सड़क पर खड़ा हूँ।

(iii) तुम सड़क पर खड़े हो।

(iv) मोहन सड़क पर खड़ा है।

(v) वे सड़क पर खड़े हैं।

(vi) वह सड़क पर खड़ा है।

(vii) हम सड़क पर खड़े हैं।

(viii) मोहन और सोहन सड़क पर खड़े हैं।

(ix) मैं क्रिकेट खेल रहा हूँ।

(x) वह क्रिकेट खेल रहा है।

(xi) मोहन क्रिकेट खेल रहा है।

(xii) वे क्रिकेट खेल रहे हैं।

(xiii) हम क्रिकेट खेल रहे हैं।

(xiv) तुम क्रिकेट खेल रहे हो।

(xv) कुछ बच्चे क्रिकेट खेल रहे हैं।

(xvi) मोहन और सोहन क्रिकेट खेल रहे हैं।

Rule -

subj. + is / am / are + V1 + ing + obj.

हिंदी उदाहरण वाक्यों का अंग्रेजी अनुवाद –

(i) The book is lying on the table.

subj. (sing.) + is + V1 + ing + obj. (Complement)

(ii) I am standing on the road.

subj. (I) + am + V1 + ing + obj.

(iii) You are standing on the road.

subj. (You) + are + V1 + ing + obj.

(iv) Mohan is standing on the road.

subj. (sing.) + is + V1 + ing + obj.

(v) They are standing on the road.

subj. (pl) + are + V1 + ing + obj.

(vi) He is standing on the road.

subj. (sing.) + is + V1 + ing + obj.

(vii) We are standing on the road.

subj. (pl) + are + V1 + ing + obj.

(viii) Mohan and Sohan are standing on the road.

subj. (pl) + are + V1 + ing + obj.

(ix) I am playing cricket.

subj. (I) + am + V1 + ing + obj.

(x) He is playing cricket.

subj. (sing.) + is + V1 + ing + obj.

(xi) Mohan is playing cricket.

subj. (sing.) + is + V1 + ing + obj.

(xii) They are playing cricket.

subj. (pl) + are + V1+ ing + obj.

(xiii) We are playing cricket.

subj. (pl) + are +V1 + ing + obj.

(xiv) You are playing cricket.

subj. (You) + are + V1 + ing + obj.

(xv) Some children are playing cricket.

subj. (pl) + are + V1 + ing + obj.

(xvi) Mohan and Sohan are playing cricket.

subj. (pl) + are + V1 + ing + obj.

B.

अभ्यास हेतु हिंदी उदाहरण वाक्य –

(i) पुस्तक बगीचे में पड़ी है।

(ii) मैं बगीचे में खड़ा हूँ।

(iii) तुम बगीचे में खड़े हो ।

(iv) मोहन बगीचे में खड़ा है।

(v) वे बगीचे में खड़े हैं।

(vi) वह बगीचे में खड़ा है।

(vii) हम बगीचे में खड़े हैं।

(viii) मोहन और सोहन बगीचे में खड़े हैं।

(ix) मैं कहानियाँ पढ़ रहा हूँ।

(x) वह कहानियाँ पढ़ रहा है।

(xi) मोहन कहानियाँ पढ़ रहा है।

(xii) वे कहानियाँ पढ़ रहे हैं।

(xiii) हम कहानियाँ पढ़ रहे हैं।

(xiv) तुम कहानियाँ पढ़ रहे हो।

(xv) कुछ बच्चे कहानियाँ पढ़ रहे हैं।

(xvi) मोहन और सोहन कहानियाँ पढ़ रहे हैं।

3. Present Perfect Tense (वर्तमान पूर्ण काल)

Identity (पहचान) – The action has just ended in present and still has its effect. कार्य वर्तमान में हाल ही में समाप्त हो गया हो; किंतु उसका असर अभी भी हो; और हिंदी वाक्यों के अंत में – **हैं; हूँ; हो**... इत्यादि आते हैं।

हिंदी उदाहरण वाक्य –

(i) मैंने क्रिकेट खेला है।

(ii) उसने क्रिकेट खेला है।

(iii) मोहन ने क्रिकेट खेला है।

(iv) तुमने क्रिकेट खेला है।

(v) उन्होंने क्रिकेट खेला है।

(vi) हमने क्रिकेट खेला है।

(vii) मोहन और सोहन ने क्रिकेट खेला है।

(viii) बच्चों ने क्रिकेट खेला है।

Rule -

subj. + has + V3 + obj.

↓

with sing. subj. except 'I / You'
एकवचन कर्ता के साथ, 'I / You' को छोड़कर

or

subj. + have + V3 + obj.

↓

with pl. subj. and 'I / You'
बहुवचन कर्ता और 'I / You' के साथ

हिंदी उदाहरण वाक्यों का अंग्रेजी अनुवाद –

(i) I have played cricket.

subj. (I) + have + V3 + obj.

(ii) He has played cricket.

subj. (sing.) + has + V3 + obj.

(iii) Mohan has played cricket.

subj. (sing.) + has + V3 + obj.

(iv) You have played cricket.

subj. (You) + have + V3 + obj.

(v) They have played cricket.

subj. (pl) + have + V3 + obj.

(vi) We have played cricket.

subj. (pl) + have + V3 + obj.

(vii) Mohan and Sohan have played cricket.

subj. (pl) + have + V3 + obj.

(viii) Children have played cricket.

subj. (pl) + have + V3 + obj.

अभ्यास हेतु हिंदी उदाहरण वाक्य –

(i) मैंने पत्र लिखे हैं।

(ii) उसने पत्र लिखे हैं।

(iii) मोहन ने पत्र लिखे हैं।

(iv) उन्होंने पत्र लिखे हैं।

(v) हमने पत्र लिखे हैं।

(vi) तुमने पत्र लिखे हैं।

(vii) मोहन और सोहन ने पत्र लिखे हैं।

(viii) बच्चों ने पत्र लिखे हैं।

4. Present Perfect Continuous Tense (वर्तमान पूर्ण जारी काल)

यदि वर्तमान के जारी काल में दे दिया जाता है कि कार्य कब से या कितनी देर से चल रहा है; तो ऐसे कार्य Present Perfect Continuous Tense के अंतर्गत आते हैं। निश्चित समय के लिए 'since' का प्रयोग और बीती अवधि के लिए 'for' का प्रयोग किया जाता है; जैसे –

(i) मोहन पढ़ रहा है। (Present Continuous Tense)

मोहन चार बजे से पढ़ रहा है। (Present Perfect Continuous Tense)

(ii) मोहन लिख रहा है। (Present Continuous Tense)

मोहन दो घंटे से लिख रहा है। (Present Perfect Continuous Tense)

Rule -

subj. + has / have + been + V1 + ing + obj. + since / for + time

हिंदी उदाहरण वाक्य –

(i) मैं जनवरी से अंग्रेजी सीख रहा हूँ।

(ii) तुम तीन घंटे से अंग्रेजी सीख रहे हो।

(iii) मोहन सोमवार से अंग्रेजी सीख रहा है।

(iv) हम कई महीने से अंग्रेजी सीख रहे हैं।

(v) वे सुबह से अंग्रेजी सीख रहे हैं।

(vi) मोहन और सोहन सितम्बर से अंग्रेजी सीख रहे हैं।

(vii)बच्चे कुछ मिनटों से अंग्रेजी सीख रहे हैं।

(viii) हमारा भाई कुछ सप्ताह से अंग्रेजी सीख रहा है।

हिंदी उदाहरण वाक्यों का अंग्रेजी अनुवाद –

(i) I have been learning English since January.

subj. (I) + have + been + V1 + ing + obj.+ since + time

(ii) You have been learning English for three hours.

subj. (You) + have + been + V1 + ing + obj. + for + time

(iii) Mohan has been learning English since Monday.

subj. (sing.) + has + been + V1 + ing + obj. + since + time

(iv) We have been learning English for many months.

subj. (pl) + have + been + V1 + ing + obj. + for + time

(v) They have been learning English since morning.

subj. (pl) + have + been + V1 + ing + obj.+ since + time

(vi) Mohan and Sohan have been learning English since September.

subj. (pl) + have + been + V1 + ing + obj. + since + time

(vii) (The) Children have been learning English for some minutes.

subj. (pl) + have + been + V1 + ing + obj. + for + time

(viii) Our brother has been learning English for some weeks.

subj. (sing.) + has + been + V1 + ing + obj. + for + time

अभ्यास हेतु हिंदी उदाहरण वाक्य –

(i) मैं सोमवार से कहानियाँ पढ़ रहा हूँ।

(ii) तुम तीन घंटे से कहानियाँ पढ़ रहे हो।

(iii) मोहन सोमवार से कहानियाँ पढ़ रहा है।

(iv) हम कई महीने से कहानियाँ पढ़ रहे हैं।

(v) वे सुबह से कहानियाँ पढ़ रहे हैं।

(vi) मोहन और सोहन सितम्बर से कहानियाँ पढ़ रहे हैं।

(vii)बच्चे कुछ मिनटों से कहानियाँ पढ़ रहे हैं।

(viii) हमारा भाई कुछ सप्ताह से कहानियाँ पढ़ रहा है।

1. Present Indefinite Tense के अभ्यास हेतु हिंदी उदाहरण वाक्यों का अंग्रेजी अनुवाद –

(i) The Sun sets in the West.

(ii) Water boils at hundred degree temperature.

(iii) Sita plays cricket.

(iv) I read / study (the) stories.

(v) You read stories.

(vi) They read stories.

(vii) Ram and Shyam read stories.

(viii) We read stories.

(ix) Their parent reads stories.

(x) Our parents read stories.

(xi) Mohan's guardian reads stories.

(xii) Our guardians read stories.

2. Present Continuous Tense (Part – A) के अभ्यास हेतु हिंदी उदाहरण वाक्यों का अंग्रेजी अनुवाद –

(i) This is a pen.

(ii) He is a student.

(iii) This is a house.

(iv) It is very cold today.

(v) The garden is very beautiful.

(vi) I am ill / sick / unwell.

(vii) His brother is an advocate.

(viii) You are wise / intelligent.

(ix) We are Indian.

(x) You are laborious / diligent.

Present Continuous Tense (Part – B) के अभ्यास हेतु हिंदी उदाहरण वाक्यों का अंग्रेजी अनुवाद –

(i) The book is lying in a / the garden.

(ii) I am standing in the garden.

(iii) You are standing in the garden.

(iv) Mohan is standing in the garden.

(v) They are standing in the garden.

(vi) He is standing in the garden.

(vii) We are standing in the garden.

(viii) Mohan and Sohan are standing in the garden.

(ix) I am reading / studying (the) stories.

(x) He is reading the stories.

(xi) Mohan is reading the stories.

(xii) They are reading the stories.

(xiii) We are reading the stories.

(xiv) You are reading the stories.

(xv) Some children are reading stories / the stories.

(xvi) Mohan and Sohan are reading stories.

3. Present Perfect Tense के अभ्यास हेतु हिंदी उदाहरण वाक्यों का अंग्रेजी अनुवाद –

(i) I have written (the) letters.

(ii) He has written letters.

(iii) Mohan has written letters.

(iv) They have written letters.

(v) We have written letters.

(vi) You have written letters.

(vii) Mohan and Sohan have written letters.

(viii) (The) children have written letters.

